शादी में नहीं बुलाया तो निकलने नहीं दिया बारात को

बीच बचाव करने पहुंची पुलिस से की मारपीट, मां-बेटी गिरफ्तार

शहडोल, देशबन्धु। जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र के खुटहरा गांव में शादी में आमंत्रित न किए जाने से नाराज एक युवक ने दूल्हे की बारात को रोकने की कोशिश की। मामला इतना बढ़ गया कि मौके पर पहुंची पुलिस के साथ भी युवक और उसके परिवार ने मारपीट कर दी। पुलिस ने आरोपी युवक, उसकी पत्नी और पुत्री के खिलाफ मामला दर्ज कर पत्नी और पुत्री को तो गिरफ्तार कर लिया है जबकि मुख्य आरोपी अभी फरार है।

इस संबंध में मेरी जानकारी के अनुसार बीती रात कुशवाहा परिवार में विवाह समारोह के दौरान बारात गांव में पहुंची। पड़ोस में रहने वाले मनोज यादव ने गुस्से में बारात को रोकने के लिए अपने घर के सामने डंडा लेकर खड़ा हो गया और दूल्हे की गाड़ी को आगे बढ़ने से रोक दिया। इस घटना से बरातियों में हड़कंप मच गया और बैंड-बाजा बंद कर दिया गया। लड़की पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंचे और मनोज को समझाने की कोशिश की, लेकिन वह किसी की सुनने को तैयार नहीं था।

जानकारी के अनुसार, विवाह रमेश कुशवाहा की पुत्री का था। आरोपी मनोज यादव और रमेश के बीच लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इसी विवाद के चलते रमेश ने अपनी बेटी की शादी में मनोज को आमंत्रित नहीं किया था। आमंत्रण न मिलने से नाराज मनोज ने बरात रोकने की ठान ली और अपने घर के सामने डंडा लेकर खड़ा हो गया। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई, तो डायल 100 टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही मनोज वहां से भाग गया और पुलिस ने बारात को आगे बढ़ाया। थोड़ी देर बाद मनोज वापस आया और आरक्षक ऋषभ शुक्ला पर डंडे से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे पायलट भानु प्रताप सिंह के साथ भी मारपीट की गई। इस दौरान मनोज की पत्नी और पुत्री भी पुलिसकर्मियों से भिड़ गईं और उनके साथ मारपीट करने लगीं। घटना को देखकर गांव के लोग इकट्ठा हो गए और पुलिसकर्मियों को छुड़ाया। इसके बाद आरक्षक और पायलट डायल 100 में सवार होकर थाने पहुंचे और मामले की जानकारी थाना प्रभारी को दी।

घटना की जानकारी मिलते ही ब्यौहारी थाना प्रभारी अरुण पाण्डेय अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे तो मनोज मौके से फरार हो चुका था। पुलिस ने उसकी पत्नी और पुत्री को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि मुख्य आरोपी मनोज की तलाश कर रही है। थाना प्रभारी अरुण पाण्डेय ने बताया कि आरोपी मनोज यादव, उसकी पत्नी और पुत्री के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

अधिकारी-कर्मचारियों का प्रशिक्षण 4 से 10 तक

पन्ना, देशबन्धु। शासन के निर्देशानुसार जिले के समस्त कार्यालय एवं विभागों में ई-ऑफिस प्रणाली लागू करने के संबंध में कलेक्ट्रेट स्थित ई-दक्ष केन्द्र में 4 से 10 मार्च तक विभागवार अधिकारी-कर्मचारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। प्रत्येक दिवस निर्धारित विभाग के दो-दो शासकीय सेवकों को दो पालियों में आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

प्रथम पाली का समय सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक एवं द्वितीय पाली का दोपहर 2.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक निर्धारित है। प्रथम दिवस कलेक्टर कार्यालय के अधीक्षक, भू-अर्जन, निर्वाचन, वित्त, शिकायत, आवक, नकल, नजूल, रीडर और स्टेशनरी शाखा के कर्मचारियों को प्रथम पाली में तथा अनुज्ञप्ति, धर्मार्थ, राहत, स्थापना, सामान्य, शासकीय

घर में सेंधमारी करने वाले दो चोर गिरफ्तार

चोरी का माल भी बरामद, अमलाई पुलिस की कार्रवाई

शहडोल, देशबन्धु। जिले की अमलाई पुलिस ने थाना क्षेत्र में गत दिवस हुई चोरी के दो अलग-अलग मामले के आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी के मामले का पर्दाफास कर दिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास चोरी का माल भी बरामद किया है। इनमें शातिर चोर ने अपने ही पड़ोस में रहने वाली एक महिला के पीएम आवास में सेंधमारी कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।

अमलाई पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के अमराडंडी के पास रहने वाली एक महिला जानकी सिंह के पीएम आवास में बीते दिन सेंधमारी कर पड़ोस में रहने वाले शातिर चोर सुनील सिंह गोंड ने घर में रखी सामग्री और नकदी चोरी कर ली थी। पुलिस ने इसे गिरफ्तार कर इसके पास से चोरी का कुछ सामान, एक पुरानी मोटर साइकिल और वारदात में उपयोग किए गए गैती फावड़ा को भी बरामद कर लिया है। पुलिस ने बताया कि एक और चोर पंकज सिंह को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि चोर पंकज सिंह घर में घुसकर मोबाइल और जेसीबी के पार्ट्स की चोरी कर कबाड़ियों को बेच देता था। जिसे भी पुलिस ने न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक राम जी श्रीवास्तव के निर्देशन में चोरों को पकड़ने की यह महत्वपूर्ण कार्रवाई अमलाई थाना प्रभारी जय प्रकाश शर्मा के नेतृत्व में अमलाई पुलिस टीम ने की है।

अमलाई थाना प्रभारी जय प्रकाश शर्मा ने बताया कि, थाना क्षेत्र के दो अलग अलग जगह चोरी हुई थी। उन्होंने बताया कि इस चोरी को गंभीरता से लेते हुए दो चोरों को गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी श्री शर्मा ने बताया कि पकड़े गए चोर के पास से चोरी का माल भी बरामद किया गया है।

सार-समाचार

बहन के घर चोरी करने वाली महिला गिरफ्तार

शहडोल, देशबन्धु। शहडोल के सोहागपुर थाना क्षेत्र के बिजौरी गांव में एक महिला ने अपनी रिश्ते की बहन के घर में चोरी की। पुलिस ने सोमवार को आरोपी महिला और उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया है।

मजदूरी के लिए शहर गई थी पीड़िता पीड़िता चमाना बैगा शुक्रवार को मजदूरी के लिए शहर गई थी। वह शाम को घर लौटी और खाना खाकर सो गई। सुबह जागने पर उसने देखा कि दूसरे कमरे का ताला टूटा हुआ था। कमरे में रखे टीन के ड्रम से जेवर और 5 हजार रुपए नकद सहित कुल 70 हजार रुपए का सामान गायब था। रिश्ते की बहन ने चुराया था सामान जांच में पता चला कि चोरी पीड़िता की रिश्ते की बहन पूजा बैगा (23) ने की थी। वह चोरी का सामान लेकर पाली के ग्राम उदरी में अपने एक साथी के पास गई थी। सोहागपुर थाना प्रभारी भूपेंद्र मणि पांडे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सोमवार के उदरी पहुंचकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चोरी का सारा सामान भी बरामद कर लिया है। थाना प्रभारी के साथ प्रधान आरक्षक मनोज शुक्ला और उनकी टीम ने कार्रवाई की।

कलेक्टर ने राजस्व वसूली पर की बैठक, अधिकारियों को सात दिन में लक्ष्य पूरा करने के निर्देश

उमरिया, देशबन्धु। उमरिया में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने राजस्व वसूली को लेकर अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। उन्होंने सभी विभागों को वार्षिक लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्माण विभागों को ठेकेदारों से वसूली गई खनिज

राजस्व विभाग को विशेष अभियान चलाकर एक सप्ताह में लक्ष्य प्राप्त करने को कहा। साथ ही फार्मर रजिस्ट्री, आरओआर और गिरदावली का कार्य 10 मार्च तक पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अभय सिंह, अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया मौजूद रहे। इसके अलावा बांधवगढ़ एसडीएम रीता डेहरिया, मानपुर एसडीएम कमलेश नीरज और पाली एसडीएम टी आर नाग भी उपस्थित थे। डिप्टी कलेक्टर मीनाक्षी इंगले, अंबिकेश प्रताप सिंह और हरनीत कौर कलसी सहित अन्य जिला प्रमुख अधिकारी भी बैठक में शामिल हुए।

कलेक्टर ने टीएल बैठक में समीक्षा कर दिए निर्देश

पन्ना, देशबन्धु। कलेक्टर सुरेश कुमार ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई टीएल बैठक के दौरान समस्त विभागीय अधिकारियों को एक सप्ताह में वर्तमान फरवरी माह की शत प्रतिशत सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों के निराकरण के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा अधिकारियों को 100 दिवस से अधिक समयावधि की न्यूनतम 50 प्रतिशत शिकायतों का भी अनिवार्य रूप से प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने तथा प्राथमिकता से विभागीय दायित्वों के निर्वहन के साथ नियमित रूप से सीएम हेल्पलाइन की मॉनीटरिंग कर विधिवत व सटीक प्रतिवेदन के साथ शिकायत निराकरण के निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने कहा कि लंबित प्रकरणों के साथ ही बैकलॉग शिकायतों का भी प्राथमिकता के साथ निराकरण किया जाए। एसडीएम सहित सभी अधिकारियों को आगामी दिवसों में निरंतर विभाग व जिले की बेहतर ग्रेडिंग के संबंध में नसीहत भी दी। कलेक्टर श्री कुमार ने कहा कि समस्त निगरीय निकायों के सीएमओ एवं जनपद पंचायत सीईओ द्वारा भी कार्य में रूचि लेकर आवेदकों की जायज समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए अन्यथा नोटिस जारी करने के साथ ही विभागीय जांच संस्थित करने की कार्यवाही भी होगी। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में माह की 20 तारीख के ठीक पूर्व अधिकतम शिकायतों का निराकरण करने की प्रवृत्ति से बचें और नियमित एवं समयबद्ध रूप से शिकायतें निराकरण करने का प्रयास हो।

जिला कलेक्टर द्वारा आगामी ग्रीष्मकाल के दृष्टिगत पीएचई के कार्यपालन यंत्री को आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ ही विभागीय स्तर पर आवश्यक प्रबंध सहित अधीनस्थ स्टॉफ को जरूरी तैयारियों के संबंध में निर्देशित करने के लिए कहा। इस दौरान जिला आपूर्ति अधिकारी को पात्रता पर्ची एवं उज्ज्वला गैस कनेक्शन की मांग आधारित शिकायतों के निराकरण के लिए जरूरी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। साथ ही समस्त अधिकारियों को पदीय दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन सुनिश्चित कर लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए। सीएम हेल्पलाइन के स्पेशल क्लोज प्रकरणों में शिकायत निवारण संबंधी प्रतिवेदन में तिथि एवं तथ्यों का उल्लेख करने के लिए भी निर्देशित किया। जिला कलेक्टर द्वारा टीएल बैठक में न्यायालयीन मामलों की विभागवार निराकरण की स्थिति सहित टीएल पत्रों के निराकरण तथा स्वरोजगार के हितग्राहीमूलक प्रकरणों में व्यवहारिक कठिनाई का निराकरण कर 15 मार्च तक लक्ष्यपूर्ति के निर्देश दिए गए। निकायवार समग्र ई-केवायसी में प्रगति के संबंध में मंगलवार को ग्राम पंचायत स्तर की जनसुनवाई में अधिकतम प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करने के लिए भी कहा।

पुलिस अधीक्षक ने किया वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण

पन्ना,देशबन्धु। पुलिस अधीक्षक सांई कृष्ण एस थोटा ने सोमवार को सिविल लाइन स्थित वन स्टॉप सेन्टर का निरीक्षण किया। इस दौरान सखी सेन्टर के माध्यम से उत्पीड़ित एवं हिंसा व विपत्तिग्रस्त महिलाओं और बालिकाओं के पुनर्वास के लिए प्रदत्त सहायता की जानकारी ली। इसकी कार्यप्रणाली व प्रक्रिया भी समझी।

उन्होंने केन्द्र की प्रशासक कविता पाण्डेय से वन स्टॉप सेंटर के उद्देश्य और अब तक क्रियान्वित कार्यों के बारे में भी पूछा तथा पुलिस द्वारा हरसंभव सहायता का आश्वासन भी दिया। प्रशासक द्वारा पुलिस अधीक्षक सहित उपस्थित एसडीओपी पन्ना एवं थाना प्रभारी सिटी कोतवाली को केन्द्र की भूमिका के बारे में विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया।

साथ ही जागरूकता गतिविधियों तथा परामर्श, चिकित्सा, अस्थाई आश्रय एवं विधिक सहायता सहित बेटी बचाओ-बेटी बढ़ाओ कार्यक्रम के क्रियान्वयन व विभिन्न हेल्पलाइन नंबर से प्राप्त सूचना के आधार पर सेंटर द्वारा की जाने त्वरित कार्यवाही की जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक ने कार्यालय की विभिन्न पंजियों एवं सखी केन्द्र परिसर का अवलोकन भी किया और वन स्टॉप सेंटर के कार्यों की सराहना की।

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में मिला तेंदुए का शव

शिकार की आशंका

उमरिया, देशबन्धु। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में एक बार फिर सनसनी फैल गई है। जब पनपथा कोर परिक्षेत्र के सेहरा बीट के कक्ष क्रमांक आर एफ-449 में एक तेंदुए का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद किया गया।

शव मिलने की जानकारी मिलते ही टाइगर रिजर्व प्रबंधन सतर्क हो गया और तत्काल अधिकारी मौके पर पहुंच गए। सबसे हैरान करने वाली बात यह रही कि मृत तेंदुए के नाखून और कुछ अन्य अंग गायब थे, जिससे अवैध शिकार की आशंका बलवती हो गई है। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के उप संचालक पीके वर्मा ने बताया कि मौके पर पहुंची टीम ने शव का पोस्टमॉर्टम कराया, जिसमें दो डॉक्टरों की टीम शामिल थी। इसके बाद वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत शव का अंतिम संस्कार किया गया।

मामले की तह तक जाने के लिए डॉग स्क्वॉड की मदद ली गई है और पूरे इलाके में गहन सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि तेंदुए की मौत स्वाभाविक थी या शिकारियों ने इस घटना को अंजाम दिया है।

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में इस तरह की घटना ने वन्यजीव सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रबंधन ने साफ कर दिया है कि दोषियों को जल्द से जल्द पकड़ा जाएगा और सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, पूरे क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी गई है और टीम हर एंगल से मामले की जांच में जुट गई है।

बांधों का टाइगर रिजर्व में आए दिन हो रही बाघों और वन्य प्राणियों की मौत अब वन्य प्रेमी यो को संकट में डाल रही है। यहां आए दिन बाघों की मौत की खबर निकाल के सामने आती है, जिसमें प्रबंधन आपसी संघर्ष बढ़कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल देता है। बहरहाल, अब इस मामले में देखना दिलचस्प होगा कि आगे इसमें प्रबंधन क्या कुछ कार्रवाई करता है या फिर इस मामले को भी ठंडे बस्ती में डाल दिया जाएगा।

युवा टीम ने विज्ञान का महत्व बताने को आयोजित की चित्रकला प्रतियोगिता

उमरिया, देशबन्धु। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर उमरिया कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के मार्गदर्शन पर जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कर विज्ञान का महत्व बताया गया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के मानने के उद्देश्य, महत्व, दिन विशेष की थीम पर प्रसिद्ध वैज्ञानिकों द्वारा किये गए महत्वपूर्ण खोज का व्याख्यान किया गया। कार्यक्रम के तहत युवाओं के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता हुई। इसका विषय वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में विज्ञान का योगदान% रखा गया। युवाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया।

टीम संयोजक हिमांशु तिवारी ने बताया कि लोगों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने और समाज में विज्ञान के प्रति जागरुकता लाने के लिए हर साल राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। यह मानव जाति की प्रगति के लिए वैज्ञानिक विश्लेषण और खोज के महत्व पर प्रकाश डालता है। यह भारतीय नागरिकों को भौतिक दुनिया को प्रभावित करने वाली घटनाओं का अध्ययन करने और समझने के लिए प्रोत्साहित करता है। विज्ञान ब्रह्मांड में जीवन, निर्माण और विनाश की प्रक्रिया को समझने के लिए कुछ सैद्धांतिक या प्रेक्टिकल प्रणालियों का उपयोग कर हमारी दुनिया का अध्ययन है। विज्ञान के क्षेत्र में भारत का एक समृद्ध इतिहास है, जहां कई दिग्गजों ने देश को गौरवान्वित किया है।

सीवी रमन विज्ञान के क्षेत्र के ऐसे ही एक दिग्गज हैं। महान वैज्ञानिक प्रोफेसर सीवी रमन ने 1928 में इसी दिन एक उत्कृष्ट खोज की थी। जो रमन प्रभाव के रूप में प्रसिद्ध है। उसकी इसी खोज के उपलक्ष्य में विज्ञान दिवस मनाया जाता है। वर्तमान युग में विज्ञान के बिना किसी भी क्षेत्र का विकास करना संभव नहीं है। इसलिए मानव जरूरत के सभी आयामों के साथ ही प्रकृति व प्राचीन धरोहरों का संरक्षण भी विज्ञान की मदद से किया जा रहा है। इस दौरान हिमांशु तिवारी, खुशी सेन, महक सोनी, लक्ष्मी महोबिया एवं सभी उपस्थित रहे।

प्रभारी मंत्री की सख्ती के बाद भी नहीं सुधरी नल जल योजना

नौरोजाबाद, करकेली, देशबन्धु। अब धीरे धीरे गर्मी का मौसम ने अपने तेवर दिखाने लगा है गर्मी के मौसम में लोगो को सबसे ज्यादा जरूरत पानी की होती है करकेली और नौरोजाबाद के ऐसी कई गाँव है जहाँ गर्मी के मौसम में सबसे ज्यादा पानी की किल्लत होती है और यहाँ के ग्रामीण कई किलोमीटर का रास्ता तय कर अपने उपयोग के लिए पानी लाते है भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना था की दिसंबर 2024 तक प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर मे टोटी के माध्यम से पानी पहुंच सके ताकि ग्रामीणों. को. पानी की समस्या से निजात मिल सके,

15 अगस्त 2019 को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन की शुरुआत की गई थी,उनका सपना था की भारत के सुदूर गाँव के लोगो को भी टोटी के माध्यम से सरलता से पानी मिल सके, लेकिन प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन के 6 वर्ष पूर्ण होने के बाद भी विभाग के उच्च अधिकारियों एवं संबंधित ठेकेदारों के लापरवाही के कारण आज तक ग्रामीणों को हो रही पानी की समस्या से निजात नहीं मिली है प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन अभियान के तहत उमरिया जिले के नौरोजाबाद और करकेली क्षेत्र में भी 2024 तक़ हर घर मे नल की टोटी से पानी मिलने का सपना साकार होता नजर नहीं आ रहा है।

25 दिसंबर 2024 को जिले के प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान अपने प्रवास के दौरान पीएचई विभाग के अधिकारियों और ठेकेदारो को कहा था की आप लोग एक हफ्ते की भीतर क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में बिगड़ी जल जीवन मिशन की स्थिति सुधार कर जल्द से जल्द अपना पूरा कार्य कर जिले के कलेक्टर को प्रोग्रेस रिपोर्ट् सौप दे, प्रभारी मंत्री के नाराजगी के बाद भी ग्रामीण क्षेत्र की स्थिति जस की तस बनी है

मेरे जनपद क्षेत्र 23 अंतर्गत आने वाले ग्राम देवगवां खुर्द, बेहर्दे मे प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन के अंतर्गत ठेकेदार द्वारा गुणवत्ताविहीन कार्य किया गया है मैं कलेक्टर महोदय से मांग करती हूं की इसकी निष्पक्ष जांच की जाए।

पूजा बैगा जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 23 जनपद पंचायत करकेली

हमारे गाँव मे प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन के ठेकेदार के द्वारा पाईप लाइन बिछाने के लिए सड़क खोदकर छोड़ दी गई है जिसको आज तक नहीं भरा गया है हमको पानी मिलने का सपना कब पूरा होगा वह भगवान भरोसे है

मदन लाल बर्मन ग्रामीण ग्राम, नरवार 29

हमारे गाँव मे आज तक प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन का कार्य पूरा नहीं हुआ,

शीतल सिंह महुरी, ग्रामीण

पन्ना में टीआई के बर्थडे पर थाने में लगे ठुमके, चार लाइन अटैच

पन्ना, देशबन्धु। पन्ना जिले के धरमपुर थाना परिसर में शनिवार रात टीआइ बलवीर सिंह के जन्मदिन पर वार्दी वालों ने नियमों को ताक में रखकर खूब ठुमके लगाए।

इस दौरान पीले-पीले ओ मोरे राजा सहित कई गाने बजाए गए, जिस पर पुलिसकर्मी झूमते नजर आए। परीक्षा के दिनों में शोर-शराबे के बीच तीव्र संगीत बजा। आपत्तिजनक गानों पर जवान घंटों नचे। इतना ही नहीं थाने में केट कटा और पूरी पार्टी के वीडियो को पुलिस वालों ने इंटरनेट मीडिया के स्टेटस पर भी सजा लिया। रविवार सुबह जब डांस पार्टी के वीडियो वायरल हुए तो पुलिस अधीक्षक सांई कृष्ण थोटा खुद थाने पहुंचे।

तत्काल प्रभाव से लाइन अटैच कर दिया- मामला समझा और गलती नजर आने पर एएसआई रावेंद्र, आरक्षक अखिल, अशोक और अजय पटेल को तत्काल प्रभाव से लाइन अटैच कर दिया। मामले की जांच एसडीओपी अजयगढ़ राजीव सिंह भदौरिया को दी गई है।

पन्ना में टीआई के जन्मदिन पर आयोजित किया गया था कार्यक्रम

एमपी-यूपी सीमा का थाना- दो राज्यों की सीमा की सुरक्षा की जिम्मेदारी है। इस थाने के बल पर धरमपुर थाना अति संवेदशील श्रेणी में शामिल है। यह मप्र-उप्र के बीच की सीमा का थाना है।

दोनों प्रदेशों की सीमा के बीच बने थाने में आपराधिक गतिविधियां अत्याधिक रहती हैं और ऐसे में पुलिसकर्मी पुलिस थाना परिसर में नियम तोड़ते नजर आए। वहीं कांग्रेस ने भी सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर कर कहा कि देखिए नशे में नाचता सिस्टम। वहीं पूरे मामले की विस्तृत जांच के लिये एसडीओपी अजयगढ को कहा गया है। चूंकि पुलिस विभाग एक अनुशासन एवं नियमों का पालन करवाने वाला एक विभाग है इस प्रकार की वीडियो एवं कृत्यों से पुलिस की छवि धूमिल होती है।

छवि धूमिल होती है- वहीं गंभीर बात तब होती है जब संवैधानिक संस्थानों में नियम का पालन करने वाले पुलिसकर्मी ही अगर नियमों का उल्लघंन करने लगे और अपने ही मोबाइल से इस प्रकार के वीडियो सोशल मीडिया में अपलोड करते हैं, तो उनके इस कृत्य से समूचे विभाग की छवि धूमिल होती है।

वहीं धरमपुर थाना समूचे पन्ना जिले के थानों की अपेक्षा में अतिसंवेदशील थानों में आता है क्योंकि यह दो राज्यों के बीच का थाना है। उत्तरप्रदेश और मध्य प्रदेश की सीमा के बीच बने थाने में आपराधिक गतिविधियां अत्याधिक रहती है और ऐसे में पुलिसकर्मी पुलिस थानों के अंदर ऐसे कृत्य करेंगे तो आपात स्थिति में कैसे लोगो की मदद कर पायेंगे।

ऐसे ही सब बातों को देखते हुये प्राथमिक तौर पर लाइन अटैच की कार्यवाही की गई है, लेकिन अब देखना यह है कि जांच के बाद और किस किस पर कार्रवाही होती है ताकि इस प्रकार की घटनाओं की पुर्नवृत्ति जिले के किसी भी थाने से सामनें निकलकर न आये।

रेत का अवैध परिवहन करते ट्रैक्टर जब्त

शहडोल, देशबन्धु। जिले में रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन करते एक ट्रैक्टर को जैतपुर पुलिस ने चंद्रपुर स्कूल के पास से जब्त किया है। पुलिस को देखकर चालक फरार हो गया, पुलिस ने मामले पर आरोपी के विरुद्ध कई धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस को मुखबिर की सूचना मिली थी कि एक ट्रैक्टर जिसमें रेत लोड है। वो भाटिया से चंद्रपुर की ओर आ रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम चंद्रपुर स्कूल के पास पहुंची तभी सामने से एक नीले रंग का ट्रैक्टर पुलिस को आता दिखाई दिया, जिसमे रेत लोड थी।

पुलिस को देखकर चालक वाहन से कूदकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी का पीछा भी किया। लेकिन आरोपी को पकड़ने में पुलिस नाकाम रही। जब्त ट्रैक्टर को पुलिस ने थाने में खड़ा करवा लिया है।